

# अफवाह, खत्म हो रहा पेट्रोल-डीजल, पेट्रोल पम्प पर लगी लाइन



संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 25 मार्च.** जिलों में पेट्रोल-डीजल की कमी की खबरों ने अचानक हालात बिगाड़ दिए हैं। सोशल मीडिया और आम लोगों में तेजी से फैली अफवाहों के कारण लोगों में घबराहट बढ़ गई और देखते ही देखते पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कई जगहों पर सैकड़ों वाहनों की कतार लग गई और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। हालात ऐसे बन गए कि कुछ स्थानों पर यातायात भी प्रभावित हुआ।

हालांकि प्रशासन और पेट्रोल पंप संचालकों ने साफ किया है कि कहीं भी पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सप्लाई लगातार जारी है। इसके बावजूद लोग पैनिक में आकर टैंक फुल करवा रहे हैं, जिससे कुछ जगहों पर अस्थायी अव्यवस्था जरूर देखने को मिल रही है।



### प्रशासन की अपील, अफवाहों से बचें, सामान्य तरीके से लें ईंधन

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल भरवाएं। कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों ने साफ कहा है कि प्रदेश में कहीं भी ईंधन की वास्तविक कमी नहीं है और सप्लाई पूरी तरह सामान्य है।

### कहां कितनी भीड़ और क्या स्थिति

मुरार रपट पुल स्थित सेंठी पेट्रोल पंप पर 30-40 वाहनों की लंबी कतार दिखाई दी, जिससे ट्रैफिक भी प्रभावित हुआ। थाटीपुर में सुबह से ही पंप पर भीड़ नजर आई जबकि सिटी सेंटर के मिश्रा पंप पर दिनभर लंबी लाइन लगी रही। रेलवे स्टेशन के पास पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने को लेकर विवाद तक हो गया।

### क्यों हो रही है ऐसी स्थिति ?

विशेषज्ञों के अनुसार, यह पूरी स्थिति 'पैनिक बाइंग' का नतीजा है। जैसे ही लोगों को कमी की अफवाह मिलती है, वे जरूरत से ज्यादा ईंधन भरवाने लगते हैं। इससे अचानक मांग बढ़ जाती है और कुछ पंपों पर अस्थायी कमी दिखने लगती है, जो असल में सप्लाई की समस्या नहीं होती।

### पेट्रोल पंप संचालकों ने कहा - नहीं बढ़े दाम

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें 70-75 डॉलर प्रति बैरल के आसपास स्थिर हैं। ईरान-इजराइल तनाव के बावजूद भारत ने वैकल्पिक स्रोतों (रूस, अमेरिका, सऊदी) से आयात बढ़ाया है। केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कोई बदलाव नहीं किया है। मध्य प्रदेश में स्थानीय वैट स्थिर है, इसलिए बड़े उतार-चढ़ाव नहीं दिख रहे। ग्वालियर में पेट्रोल 106.33-106.45 रुपए प्रति लीटर और डीजल: 91.72 - 91.83 रुपए प्रति लीटर बिक रहा हैं। पेट्रोल पंप से चालकों का कहना है कि अभी रेट में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

### इनका कहना है...



ग्वालियर के फूड कंट्रोलर अरविंद भदौरिया के अनुसार शहर में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। शहर में तीन महीने तक की खपत का बफर स्टॉक मौजूद है। रायरू स्थित इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के डिपो से रोजाना लाखों लीटर ईंधन की सप्लाई पेट्रोल पंपों तक की जा रही है। कुछ पंपों पर स्थानीय स्तर पर थोड़ी कमी दिख रही है, लेकिन यह पैनिक बुकिंग और अफवाहों के कारण है। तेल कंपनियां लगातार सप्लाई कर रही हैं। कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



मिश्रा पेट्रोल पंप के मैनेजर रमेश चंद्र ने बताया कि पहले पेट्रोल 5000 से 5500 लीटर सेल हो रहा था, जिसमें 500 से 700 लीटर की बिक्री अभी बढ़ गई है, डीजल पहले ढाई हजार तक बिक्री हो रहा था जो कि अब बढ़कर 3 हजार लीटर हो गया है लेकिन इतना स्टॉक हमारे पास रहता है इसलिए अभी कोई अव्यवस्था वाली बात नहीं है।



रायरू डिपो से पेट्रोल टैंकरो की सप्लाई कर रहे कर्मचारी इरफान खान ने बताया कि पहले 50- 60 टैंकर प्रतिदिन शहर के पेट्रोल पंपों पर पहुंच रहे थे जो कि अब बढ़कर 90 से 100 प्रतिदिन हो गए हैं लेकिन अभी रायरू डिपो पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल डीजल का भंडार उपलब्ध है इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है।

## एक नजर में



### नव संवत्सर रंगोत्सव एवं परिचय सम्मेलन आयोजित

**ग्वालियर 25 मार्च.** फूलबाग स्थित मानस भवन में 'नव संवत्सर रंगोत्सव, पारिवारिक मिलन एवं वैवाहिक परिचय सम्मेलन-2026' का आयोजन राष्ट्रीय प्रजापति हितकारिणी महासभा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ख्यालेन्द्र प्रजापति उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी प्रो. सूरजभान प्रजापति ने की। संत रामप्रिय दास ने समाज को आशीर्वचन प्रदान किए। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से कन्या पूजन के साथ हुई, जहाँ बेटियों को उपहार व चुनरी भेंट की गई। संगठन की 'कन्या शिक्षा प्रोत्साहन योजना' के तहत प्रतिभावान छात्रा सुषमा प्रजापति को एमबीए की उच्च शिक्षा हेतु 9,356 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रतिभा सम्मान: ग्वालियर की प्रथम महिला पीएचडी धारक डॉ. विमला प्रजापति और तकनीकी विशेषज्ञ तेजेन्द्र प्रजापति को समाज रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में 15 युवक-युवतियों ने मंच से अपना वैवाहिक परिचय दिया। समारोह में राधा-कृष्ण के भजनों के साथ फूलों और गुलाल की होली खेली गई। इंजी. भावेश राज और उत्कर्ष प्रजापति की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। अंत में सभी समाजजनों ने सामूहिक भोज में सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय मुख्य महासचिव एस.एन. प्रजापति 'शिवम', श्याम प्रजापति और भालचंद्र विश्वकर्मा ने, आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सचिव गणेश प्रजापति ने किया।



### दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद

**ग्वालियर 25 मार्च.** डबरा पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 2 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। थाना प्रभारी संजय शर्मा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर हरीपुर नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर दो संदिग्धों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में दिनेश बाल्मीक (44 वर्ष, निवासी भिण्ड) और बृजकिशोर उर्फ मोनू कुशवाह (29 वर्ष, निवासी दबोह) शामिल हैं। आरोपियों के पास से मिली दो मोटरसाइकिलों में से एक डबरा सब्जी मंडी से चोरी हुई थी, जिसका मामला थाना डबरा सिटी में पहले से दर्ज था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी दिनेश बाल्मीक के खिलाफ थाना दबोह के एक मामले में न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट भी जारी किया गया था।

## उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01 मुरार में कक्षा 9वीं के प्रवेश प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 25 मार्च.** शासकीय होकर भी प्राइवेट विद्यालयों से भी ज्यादा सुविधाओं वाले क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-01, मुरार में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह प्रवेश चयन परीक्षा की मेरिट सूची के आधार पर किए जा रहे हैं।

**सुविधाएं और विशेषताएँ जो बनाती है खास-**

स्कूल में कक्षा 9वीं के लिए कुल 240 सीटें उपलब्ध हैं। मुख्य विषयों के साथ यहाँ आईटी और सिक्योरिटी गार्ड जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी शामिल हैं। प्राचार्य प्रबुद्ध गर्ग के नेतृत्व में 45 अनुभवी और प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा 1350 विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया जा रहा है।



### आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, सर्वांगीण विकास

विद्यालय में स्मार्ट क्लास (इंटरेक्टिव पैनल), सुसज्जित विज्ञान व कृषि प्रयोगशालाएँ और विशाल खेल मैदान उपलब्ध हैं। पढ़ाई के साथ-साथ यहाँ एनसीसी की तीनों विंग (आर्मी, नेवल, एयर) के साथ - साथ स्काउट-गाइड, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और सांस्कृतिक गतिविधियों के बेहतरीन अवसर मिलते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए 100-100 सीटों वाले बालक एवं बालिका छात्रावास की नि:शुल्क आवास व भोजन व्यवस्था उपलब्ध है। प्राचार्य एवं विद्यालय प्रबंधन ने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की है कि वे शीघ्र अपने बालक-बालिकाओं का प्रवेश सुनिश्चित कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखें।

## सत्कर्म करते समय बाधाओं का आना स्वाभाविक है : अग्निहोत्री

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 25 मार्च.** तानसेन नगर के समीप रमटापुरा में स्थित सहयोग गार्डन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मथुरा के सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित शुभम अग्निहोत्री ने समुद्र मंथन का प्रसंग श्रवण कराते हुए कहा कि जब हम कोई सत्कर्म करते हैं, तो उसके प्रारम्भ में विघ्न बाधाओं का आना स्वाभाविक है। दैत्य और देवताओं ने मिलकर समुद्र मंथन अमृत प्राप्त करने के लिए किया था। समुद्र मंथन करते समय सबसे पहले उसमें से विष निकला था। दैत्य और देवता दोनों घबरा गए। जहर को शिव जी ने ग्रहण किया। दूसरी बार फिर मंथन किया ,इस बार कामधेनु गाय निकली। कामधेनु गाय को ऋषियों ने लिया। तीसरी बार मन्थन करने से उच्चैःश्रवा घोड़ा निकला जिसे असुर राजा बलि ने लिया। चौथी बार मन्थन करने से ऐरावत हाथी निकला जिसे देवराज इन्द्र ने लिया। लक्ष्मी जी, कौस्तुभ मणि और सारंग धनुष, पांचजन्य शंख भगवान विष्णु ने लिया। चन्द्रमा को भगवान शिव जी ने, वारुणी( मदिरा) को असुरों ने, रम्भा अप्सरा को देवताओं ने, कल्पवृक्ष देवताओं ने जो स्वर्ग लोक में स्थापित किया गया। धन्वंतरि वैद्य अमृत कलश लेकर निकले। धन्वंतरि वैद्य जी ने औषधियों का आविष्कार किया। जब अमृत कलश निकला तो उसे लेने के लिए दैत्य और देवताओं में छीना झपटी होने लगी।छीना झपटी में अमृत पृथ्वी पर कुछ स्थानों पर छलक गया। जहां-जहां अमृत छलका उन स्थानों पर कुंभ लगने लगा । प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में कुंभ लगता है। अन्त में रमेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, आशीष गुप्ता, अमित खण्डेलवाल, वेदांत गुप्ता, दिवित खण्डेलवाल, थारुस खण्डेलवाल, सुमन गुप्ता, रंजना शर्मा , निधि गुप्ता, निधि गुप्ता, नेहा खण्डेलवाल आदि श्रोतागणों ने भागवत जी की आरती उतारी।






इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS SBI card
क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

अधिकृत डीलरः ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), एसोशिएट डीलरः अम्बाह-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, अमानगंजः असाती ऑटोमोबाइल्स, 9993146070, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787.

RS/Hero/06/25